**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
**क्षेत्रीय मुख्यालय - पूर्वी क्षेत्र**

# पूर्वी क्षेत्र के अंतर्गत आरसीएस हवाईअड्डों के सिविल एन्क्लेव हेतु सलाहकार (प्रचालन) की नियुक्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, क्षेत्रीय मुख्यालय (पूर्वी क्षेत्र) सिविल एयरक्राफ्ट मूवमेंट को संभालने में अनुभव रखने वाले सलाहकार (परिचालन) के रूप में पूर्वी क्षेत्र के अंतर्गत दरभंगा (सिविल एन्क्लेव), झारसुगुड़ा, पाक्योंग एवं देवघर हवाईअड्डों पर वरिष्ठ सलाहकार/कनिष्ठ सलाहकार (परिचालन) को नियुक्त करने के लिए इच्छुक है, जो कि विशुद्ध रूप से एक वर्ष की अवधि के अनुबंध पर आधारित है, इसे नीचे दिए गए पात्रता मानदंड के अनुसार एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है :

1. **योग्यता मानदंड :**

| **क्रम संख्या** | **पदनाम** | **मासिक पारिश्रमिक (सब सम्मिलित करते हुए)** | **योग्यता** |
|---|---|---|---|
| 01. | वरिष्ठ सलाहकार | रु. 85,000/- | डिफेंस कमीशंड ऑफिसर्स (सेवानिवृत्त)/भाविप्रा अधिकारी (सेवानिवृत्त) जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक न हो और जिन्हें मेडिकल फ़िटनेस सहित ऐरोड्रोम प्रबंधन में न्यूनतम 15 वर्ष का अनुभव हो। |
| 02. | कनिष्ठ सलाहकार | रु. 50,000/- | डिफेंस कमीशंड/नॉन-कमीशंड ऑफिसर्स (सेवानिवृत्त)/भाविप्रा कार्मिक (सेवानिवृत्त) जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक न हो और जिन्हें मेडिकल फ़िटनेस सहित ऐरोड्रोम प्रबंधन में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव हो। |

वांछित अनुभव, कार्य क्षेत्र, योग्यता, नियुक्ति की अवधि तथा सलाहकर द्वारा निष्पादित किए जाने वाले अन्य कार्यों का विवरण निम्नलिखित है :-

| पद | पदों की संख्या | वांछनीय अनुभव | स्थान |
|---|---|---|---|
| वरिष्ठ सलाहकार | 01 (प्रत्येक स्थान के लिए) | 1. सलाहकर को एरोड्रोम प्रबंधन का ज्ञान होना चाहिए , विशेषकर हवाई यातायात प्रबंधन, एयरसाइड प्रबंधन और टर्मिनल प्रबंधन विशेष रूप से भारतीय हवाईअड्डों के सिविल एरोड्रोम पर।<br>2. भाविप्रा सिविल एन्क्लेव अथवा भारतीय हवाईअड्डों में विमानपत्तन प्रचालन का अनुभव रखने वाले कार्मिकों को वरीयता दी जाएगी। | दरभंगा<br>झारसुगुड़ा<br>पाक्योंग एवं<br>देवघर |
| कनिष्ठ सलाहकार | 01 (प्रत्येक स्थान के लिए) | | |

**2. योग्यता :**

2.1 डिफेंस कमीशंड/नॉन-कमीशंड ऑफिसर्स/भाविप्रा कार्मिकों (सेवानिवृत्त) को चिकित्सीय रूप से फिट होना चाहिए और अधिकतम आयु 70 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

2.2 वरिष्ठ सलाहकार योग्यता : सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के ई8 स्तर तथा केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/रक्षा/अर्धसैनिक बल/प्रतिष्ठित संस्थान के समकक्ष स्तर से सेवानिवृत्त अधिकारी जिनके पास संबंधित क्षेत्र में 15 वर्ष का अनुभव है।

कनिष्ठ सलाहकार योग्यता : सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के ई5/ई4/ई3 स्तर तथा केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/रक्षा/अर्धसैनिक बल/प्रतिष्ठित संस्थान के समकक्ष स्तर से सेवानिवृत्त अधिकारी जिनके पास संबंधित क्षेत्र में 5 वर्ष का अनुभव है।

2.3 सेवानिवृत्ति के पश्चात एक महीने का कूलिंग पीरियड अनिवार्य है।

2.4 योग्य उम्मीदवार को सेवानिवृत्ति के समय सतर्कता/अनुशासनात्मक दृष्टिकोण से स्पष्ट होना चाहिए। इस संबंध में उम्मीदवार द्वारा संबंधित दस्तावेज़ जमा किए जाने हैं।

2.5 योग्य उम्मीदवार के खिलाफ कोई भी आपराधिक मामला लंबित नहीं होना चाहिए, इसे संबंधित उम्मीदवार द्वारा स्वयं-प्रमाणित करना होगा।

2.6 आवेदक तत्काल/अथवा अल्प सूचना पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए इच्छुक होना चाहिए।

**3. नियुक्ति की समायावधि :**

3.1 सलाहकार की प्रारंभिक नियुक्ति 01 (एक) वर्ष के लिए होगी तथा इसे एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है।

3.2 सलाहकार की नियुक्ति पूर्णकालिक आधार पर होगी एवं उन्हें परामर्श कार्य के दौरान अन्य कोई कार्य करने की अनुमति नहीं होगी।

3.3 भाविप्रा एवं सलाहकार दोनों के द्वारा, कार्यावधि के दौरान एक महीने का नोटिस देकर अथवा नोटिस अवधि के बदले एक महीने का पारिश्रमिक देकर सेवाओं से इस्तीफा दिया जा सकता है/ सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।

**4. कार्य विवरण/ कार्य जो किए जाने हैं :**

4.1 सलाहकार टर्मिनल प्रबंधन प्रचालन के साथ-साथ सिटी साइड/ एयर साइड प्रचालन देखेंगे।

4.2 नियुक्ति होने पर, सलाहकार विमानपत्तन निदेशक के प्रशासनिक नियंत्रण में होंगे।

**5. उपस्थिति एवं छुट्टी :**

5.1 सलाहकारों को अपने नियुक्ति के स्थान पर भाविप्रा के कार्मिकों की उपस्थिति प्रणाली के अनुसार बायोमेट्रिक/मैनुअल उपस्थिति मार्क करनी होगी।

5.2 सलाहकार कलेंडर वर्ष में आनुपातिक आधार पर 15 दिन की छुट्टी ले सकते हैं।

5.3 तथापि, सलाहकार को एक वर्ष में 12 दिन से अधिक छुट्टी (आनुपातिक आधार पर की गई गणना के अनुसार) लेने पर पारिश्रमिक नहीं मिलेगा।

5.4 एक कलेंडर वर्ष की अप्रयुक्त छुट्टी को अगले कलेंडर वर्ष में जोड़ा नहीं जाएगा अथवा कार्यकाल के अंत में नकदीकरण नहीं किया जाएगा।

5.5 अवकाश या अनुमोदित छुट्टी के अलावा ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने के मामले में, परामर्श वेतन से आनुपातिक भुगतान की कटौती की जाएगी।

5.6 भाविप्रा असंतोषजनक सेवाओं/ 15 दिनों से अधिक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के मामले में सेवाओं को समाप्त करने के लिए स्वतंत्र होगा।

**6. चयन मापदंड :**

6.1 वरिष्ठ सलाहकार के रूप में डिफेंस कमीशंड ऑफिसर्स (सेवानिवृत्त)/कनिष्ठ सलाहकार के रूप में नॉन-कमीशंड ऑफिसर्स (सेवानिवृत्त)/भाविप्रा कार्मिक (सेवानिवृत्त) की नियुक्ति ए.ए.आई. वेबसाइट पर विज्ञापन के पश्चात क्षेत्रीय मुख्यालय, कोलकाता द्वारा चयनित साक्षात्कार पद्धति (व्यक्तिगत साक्षात्कार/वी.सी. द्वारा साक्षात्कार) के माध्यम से की जाएगी।

6.2 सलाहकार (वरिष्ठ/कनिष्ठ) की नियुक्ति पूर्णकालिक आधार पर होगी एवं उन्हें भाविप्रा के साथ कार्यावधि के दौरान अन्य कोई कार्य करने की अनुमति नही होगी।

6.3 भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, क्षेत्रीय मुख्यालय, पूर्वी क्षेत्र के पास इस विज्ञापन को निरस्त करने तथा इस विषय में किसी भी चरण पर कोई अग्रिम कार्रवाई नहीं करने या किसी प्रकार का स्पष्टीकरण दिये बिना किसी अथवा सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्ररूप (अनुलग्नक – I) में ईमेल क माध्यम से recttceller@aai.aero पर दिनांक 15 मई, 2022 को अथवा उससे पहले भेज दें।

**अनुलग्नक – I**

| |
|---|
| आवेदन कैसे करें?<br>व्यक्ति, जो दिए गए कार्य-क्षेत्र तथा शर्तों व नियमों और अन्य विवरणों के अनुसार योग्यता शर्तों को पूरा करते हैं, वे निम्नलिखित निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं। |

## आवेदन पत्र हेतु प्ररूप

नवीनतम स्व-प्रमाणित फोटो।

i. नाम :

ii. जन्मतिथि :

iii. सेवानिवृत्ति की तिथि :

iv. सेवानिवृत्ति के समय निर्दिष्ट पद :

v. पत्राचार हेतु पता : ......................................................................

......................................................................

......................................................................

vi. संपर्क संख्या : दूरभाष ...................................

मोबाइल ...................................

vii. ईमेल आईडी :

viii. शैक्षणिक योग्यता (उल्टे क्रम में, नवीनतम से शुरू करते हुए) :

| क्रम सं. | डिग्री | वर्ष | | स्ट्रीम/विषय | विश्वविद्यालय | क्लास/डिवीजन/डिस्टिंक्शन (यदि कोई हो) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

ix. संबंधित अनुभव :

(ए) नियोक्ता, धारित पद और वेतनमान सहित सभी विवरण पिछले 10 वर्षों के दौरान समान प्रकृति के वर्ष-वार कार्य/विशेषताएं।

| क्रम सं. | संस्थान | मूल वेतन सहित धारित पद | वर्ष | | संभाले गए दायित्व | उपलब्धियां, यदि कोई हों | टिप्पणीयां |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

(बी) आवेदन पत्र के साथ पूर्व नियोक्ता द्वारा दिए गए सतर्कता/अनुशासनिक क्लीयरेंस प्रमाण-पत्र तथा अंतिम वेतन प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाए।

**हस्ताक्षर : ..........................................**

**नाम : ........................................**

**स्थान :**

**दिनांक :**

*अस्वीकरण :*

*आवेदक द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सही है। अगर बाद में कभी कोई विसंगति पाई गई तो कार्य अनुबंध/संविदा को समाप्त किया जा सकता है।*